संपादकीय

मनमाफिक मानसून

मंगलवार को मानसून ने केरल में दस्तक दे दी। मानसून नियत समय से तीन दिन पहले आ गया है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सटीक साबित हुई तो इस बार भी अच्छी बारिश होगी। धान की खेती के लिए पानी की मारामारी के बीच पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी है कि उत्तर पश्चिम भारत में जमकर बारिश होगी। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली में मानसूनी वर्षा के मानक अनुसार शत-प्रतिशत बारिश होने की उम्मीद है। महाराष्ट्र को छोड़ दें तो यही राज्य देश का अन्न भंडार भी भरते हैं और निर्यात से लेकर स्टाक मार्केट्स और आर्थिक समृद्धि ग्राफ बढ़ाते भी हैं। मध्य भारत पर भी मानसूनी बादलों की भरपूर कृपा होगी किंतु उत्तर-पश्चिम के मुकाबले मात्र एक फीसदी कम। मौसम विभाग ने मध्य भारत में 99 प्रतिशत और दक्षिण भारत में 95 प्रतिशत बारिश की उम्मीद जतायी है। वहीं पूर्व और पूर्वोत्तर के राज्यों बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में लगभग 93 प्रतिशत बारिश की उम्मीद है। सुखद है कि देशभर में जुलाई में 100 प्रतिशत और अगस्त में 94 प्रतिशत बारिश की उम्मीद है। सरकारी अनुमान से भी ज्यादा बेहतर मानसून की उम्मीद प्राइवेट एजेंसियों ने भी लगा ली है और इसका असर शेयर बाजार पर दिखने भी लगा है। निजी एजेंसी स्काईमेट ने जून से जुलाई के मध्य 111 प्रतिशत बारिश की उम्मीद जताई है जो कि सामान्य से अधिक है। अगस्त में 94 से 97 प्रतिशत बारिश की उम्मीद है और सितंबर में 101 प्रतिशत बारिश की संभावना बताई जा रही है। वैसे संपूर्ण भारत में पूरे बारिश के सीजन में लगभग 97 प्रतिशत बारिश की उम्मीद है । निःसंदेह अच्छी बरसात का मतलब है कि अच्छी फसल, यानी हमारे खुशहाल किसान और किसानों की संपन्नता पर ही देश का भविष्य है। यदि इस मौसम में उम्मीद के अनुसार ठीक-ठाक बारिश हो गई तो केंद्र सरकार को इसका लाभ मिल सकता है। आगामी चुनाव के पहले यह निकटतम मानसून है और इस मानसून की बारिश पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों से जूझते हुए मोदी सरकार को खाद्यान्न पर कीमतों का अंकुश लगाते हुए एक राहत का संदेश अवश्य दे रही है। कह सकते हैं कि मोदी सरकार के लिए तो मेघदूत सुखद संदेश लाए हैं। उम्मीद है सरकार भी किसानों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

कोर्ट का अहम फैसला, गीता, कुरान और बाइबल से नहीं हटेगा जीएसटी

नई दिल्ली (आरएनएस)। महाराष्ट्र में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कोर्ट ने फैसला दिया है कि अब धार्मिक ग्रंथ, धार्मिक मैगजीन और डीवीडी के साथ-साथ धर्मशाला और लंगर जीएसटी के दायरे में होंगे। कोर्ट की दलील है कि इन वस्तुओं की बिक्री एक कारोबार है और इन्हें खैरात मानते हुए टैक्स से मुक्त नहीं किया जा सकता है। महाराष्ट्र की कोर्ट के पास टैक्स संबंधी यह मामला श्रीमद राजचंद्र आध्यात्मिक सत्संग साधना केन्द्र के खिलाफ आया है। कोर्ट के सामने संस्था ने दलील दी कि उसका प्रमुख काम धार्मिक और आध्यात्मिक शिक्षा का प्रसार है लिहाजा उसके काम को कारोबार की संज्ञा नहीं दी जानी चाहिए। इस पर कोर्ट ने अपना महत्वपूर्ण फैसला दिया।

गौरतलब है कि सीजीएसटी एक्ट के सेक्शन 2 (17) के तहत यदि धर्म से जुड़े ट्रस्ट ऐसे किसी काम का सहारा लेते हैं जहां किसी वस्तु अथवा सेवा के लिए पैसा लिया जाता है तो उसे कारोबार की श्रेणी में रखा जाएगा और उसपर 18 फीसदी की दर से जीएसटी वसूला जाएगा। अपनी दलील के साथ संस्था ने दावा किया कि धार्मिक प्रसार के अपने प्रमुख दायित्व को निभाने में वह धार्मिक ग्रंथ, मैगजीन, म्यूजिक सीडी समेत धर्मशाला और लंगर लगाने के काम को करता है, लिहाजा उसे जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाए।

श्रीमद राजचंद्र आध्यात्मिक सत्संग साधना केन्द्र की दलील पर गौर करने के बाद महाराष्ट्री की जीएसटी कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि शिबिर सत्संग धर्मार्थ संस्था के तौर पर इनकम टैक्स के सेक्शन 12 एए के तहत रजिस्टर्ड है। ऐसी स्थिति में उसके धर्मार्थ कामों को जीएसटी के दायरे से बाहर नहीं किया जा सकता है। आपको बता दें कि जीएसटी एक्ट में धार्मिक किताबों का जिक्र तो किया गया है लेकिन धार्मिक किताब को किस तरह से वगीकृत किया जाए इसकी चर्चा नहीं है। लिहाजा, ऐसी स्थिति में साफ है कि महाराष्ट्र के इस फैसले के बाद यदि कोई धार्मिक संस्था अथवा ट्रस्ट धार्मिक ग्रंथों की बिक्री करती है तो उसे जीएसटी अदा करना होगा।

आरबीआई ने एक दशक में पहली बार गोल्ड खरीदा

मुंबई (आरएनएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पिछले एक दशक में पहली बार गोल्ड खरीदा है। उसका यह कदम उस स्थिति में वैल्यू स्टोर के तौर पर गोल्ड की काफी डिमांड होने का संकेत हो सकता है, जिसमें इंटरेस्ट रेट में बढ़ोतरी के चलते फिक्सड इनकम बॉन्ड्स से मिलने वाला रिटर्न और उसकी कैपिटल वैल्यू घट रही है। आरबीआई ने 30 जून को खत्म हुए फाइनैंशल इयर 2017-18 की पहली तिमाही के दौरान अपने गोल्ड स्टॉक होल्डिंग में 8.46 टन की बढ़ोतरी की है। उसकी हालिया एनुअल रिपोर्ट के मुताबिक इससे आरबीआई का गोल्ड रिजर्व बढ़कर 566.23 टन पर पहुंच गया है।

आरबीआई ने अपने रिजर्व को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए इससे पहले नवंबर 2009 में आईएमएफ से 200 टन सोना खरीदा था। पिछले 9 साल के दौरान आरबीआई के रिजर्व का गोल्ड स्टॉक 1.79 करोड़ ट्रॉय औंस पर स्थिर रहा।

एयर इंडिया की हालत सुधारने की कवायद, 2100 करोड़ का उधार देगी सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। आर्थिक संकट से घिरी एयर इंडिया के दिन संवरने वाले हैं। केंद्रीय विमानन और उड्डयन मंत्रालय ने एयर इंडिया को 2100 करोड़ रुपए का उधार देने पर आज मुहर लगा दी। इस बारे में विमानन और उड्डयन मंत्रालय के सचिव आरएन चौबे ने मंगलवार को बताया कि मंत्रालय की ओर से एयर इंडिया को 2100 करोड़ का उधार दिया जाएगा।

पेट्रोल-डीजल की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर, पड़ेगी महंगाई की मार

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल-डीजल के दाम में मंगलवार को एक बार फिर बढ़ोतरी हुई। दोनों पेट्रोलियम पदार्थों के दाम अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। ये लगातार दसवां दिन है जब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ें हैं। इसके कारण महंगाई पर भी प्रभाव पडने की संभावना जताई जा रही है। महंगाई से जूझ रहे आम आदमी के लिए तेल की कीमतें जेब पर और भी बोझ बढ़ाएगा। मंगलवार को राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल के दाम में 16 पैसे और डीजल के दाम में 19 पैसे की बढ़ोतरी हुई। दिल्ली में अब पेट्रोल 79.31 प्रति लीटर जबकि डीजल 71.34 प्रति लीटर हो गया है।

महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में जो बढ़ोतरी हुई है वह इस प्रकार है- दिल्ली में पेट्रोल-79.31, डीजल-71.34, मुंबई में पेट्रोल-86.72, डीजल-75.74, चेन्नई में पेट्रोल-82.41, डीजल-75.39, कोलकाता में पेट्रोल-82.22, डीजल-74.19।

पिछले दस दिनों में जिस तरह तेल के दामों में आग लगी है, साफ है कि उसका असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा।

मोटापे को खत्म कर सकता है कामू कामू फल

मोटापे से परेशान लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। अगर मोटापे को कम करने के लिए आप हर तरह के नुस्खे आज़मा चुके हैं तो अब इस चमत्कारी फल को खाने के लिए तैयार हो जाइए। दक्षिणी अमेरिका के ऐमजॉन क्षेत्र में पाए जाने वाले इस फल का नाम है कामू कामू और इसे खाने से मोटापे को कम किया जा सकता है। हाल ही में की गई एक स्टडी में इसका दावा किया गया है। शोधकर्ताओं के अनुसार, कामू कामू में कीवी के मुकाबले 20 से 30 गुना ज़्यादा विटामिन सी होता है और ब्लेकबेरी के मुकाबले 5 गुना ज़्यादा पॉलीफिनॉल्स होते हैं।

अब कामू कामू मोटापे को कम करने में कैसे मदद करता है, इसे चूहे पर किए गए परीक्षण से विस्तार से समझाया जा सकता है। चूहे पर की गई स्टडी के आधार पर शोधकर्ताओं ने आगे बताया कि कामू कामू ने ग्लूकोज टॉलरेंस और इंसुलिन सेंसिटिविटी को इंप्रूव करने के साथ ब्लड एंडोटॉक्सिन्स के कॉन्सनट्रेशन और मेटाबॉलिक इन्फ्लेमेशन को कम कर दिया।

भारत के खिलाफ सीरीज जीतना एशेज जीत के बराबर: बेलिस

साउथम्पटन (आरएनएस)। इंग्लैंड के कोच ट्रेवर बेलिस का मानना है कि 5 टेस्ट मैचों की मौजूदा सीरीज में दुनिया की नंबर एक टीम भारत के खिलाफ जीत एशेज में आस्ट्रेलिया को हराने के बराबर है। बेलिस ने साथ ही सुझाव दिया कि वह शुक्रवार को लंदन में शुरू हो रहे अंतिम टेस्ट में अपनी टीम के साथ प्रयोग कर सकते हैं।

चौथे टेस्ट में इंग्लैंड की 60 रन की जीत के बाद बेलिस ने कहा, यह आस्ट्रेलिया को एशेज में हराने के समान है। बेशक भारत की टीम काफी अच्छी और नंबर एक टीम है, उन्हें हराना काफी अच्छा अहसास है।

उन्होंने कहा, कुछ मुश्किल हालात थे, विशेषकर पहले दिन। हमने पहले भी कहा है कि दबाव में ये खिलाड़ी जज्बा दिखाते हैं जो संकेत हैं। सलामी बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक भारत के खिलाफ श्रृंखला के बाद संन्यास की घोषणा कर चुके हैं, जबकि कप्तान जो रूट चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करना चाहते हैं और ऐसे में इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट और फिर श्रीलंका तथा वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए अपना शीर्ष क्रम तय करना होगा।

भारतीय निशानेबाज मिथारवाल ने जीता गोल्ड मेडल

चांगवान (दक्षिण कोरिया) (आरएनएस)। भारतीय निशानेबाज ओम प्रकाश मिथारवाल ने चांगवान में जारी आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व चैम्पियनशिप में मंगलवार को स्वर्ण पदक हासिल किया। जानकारी के अनुसार, मिथारवाल ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में सोना जीता है। मिथारवाल पहले भारतीय निशानेबाज हैं, जिन्होंने विश्व चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले, जीतू राय ने इसी स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

इस साल आस्ट्रेलिया में आयोजित हुए राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा तथा 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जीतने वाले मिथारवाल ने आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व चैम्पियनशिप की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में कुल 564 अंक हासिल किए।

इसके अलावा, विश्व चैम्पियनशिप में भारत को जूनियर 50 मीटर पिस्टल और 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में भी दो स्वर्ण पदक हासिल हुआ है।

राशिफल

मेष : आज आपको शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना है। यदि आप किसी व्यक्ति , बैंक या संस्था से ऋण लेना चाहें तो कदापि न लें।

वृषभ : आज के दिन आप व्यस्त रहेंगे, ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरतें। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

मिथुन : आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। सामाजिक क्रिया कलापों में व्यवधान आ सकता है। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपकी धर्म, आध्यात्म के प्रति रुचि सुदृढ़ होगी।

कर्क : भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। आप अपनी शान शौकत के लिए धन खर्चा करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे।

सिंह : आज का दिन मिश्रित फलकारक है। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिल रहे हैं। मधुर वाणी का प्रयोग करें अन्यथा सम्बन्धों में कटुता आ जाएगी।

कन्या : आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा।

तुला : आज का दिन आपके लिए शुभ फलकारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे।

वृश्चिक: आज आपका मन अशान्त एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं।

धनु : आज आपकी विद्या, बुद्धि, ज्ञान की वृद्धि होगी। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

मकर : आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ-साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके हुए कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

कुंभ : आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें।

मीन : आज अष्टम भाव में शत्रु राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटके विवाद का हल निकल आएगा। खुश मिजाज व्यक्ति त्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करेंगे।

8 तरह के सिरदर्द जो उड़ा सकते हैं आपकी नींद



स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, सिरदर्द से ज्यादातर लोग आए दिन परेशान रहते हैं। कई बार तो सिरदर्द बहुत तेज होता है। अक्सर सिरदर्द होने पर लोग कोई दर्दनाशक दवा खा लेते हैं, लेकिन अगर आपके सिर में बार-बार दर्द होता है तो इस हल्के में न लें। बार-बार सिरदर्द होने पर आपको किसी विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। यहां हम आपको 8 प्रकार के सिर दर्द और उनके उपचार के बारे में बता रहे हैं:

तनाव के कारण सिरदर्द

तनाव के कारण हुए सिरदर्द में सिर के चारों तरफ सेन्सेशन के साथ कुछ ऐसे दर्द होता है जैसे सिर पर कोई प्रेशर बैंड बांध दिया गया हो। तनाव के कारण होने वाला सरदर्द, सिर दबाने से ठीक हो जाता है। यह किसी को भी हो सकता है।

एक्सर्शनल सिरदर्द

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है, ऐसा सिरदर्द किसी बात को लेकर हुए तनाव से होता है। ऐसा सिरदर्द किसी खास काम के शुरू करने से पहले या बाद में, शुरू होता है।

जैसे एक्सर्साइज़ से पहले या बाद में शुरू होते हैं।

60 अरब डॉलर से बनेंगे 100 एयरपोर्ट: प्रभु

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगले 10 से 15 सालों में देश के भीतर 100 हवाई अड्डों का निर्माण किए जाने की योजना है। नागर विमानन मंत्री सुरेश प्रभु ने मंगलवार को कहा कि इस पर करीब 60 अरब डॉलर (करीब 4.2 लाख करोड़ रुपये) की लागत आएगी। देश का विमानन क्षेत्र दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 50 महीनों में इसमें लगातार दोहरे अंक की यातायात वृद्धि दर्ज की गई है।

प्रभु ने कहा कि 100 नए हवाई अड्डे अगले 10 से 15 सालों में विकसित किए जाएंगे। इस पर करीब 60 अरब डॉलर की लागत आएगी।

खाना खजाना/क्रिस्पी चिली पोटैटो

कितने लोगों के लिए - 4

सामग्री - आलू- 250 ग्राम, हरी मिर्च- 1-2 बारीक कटी, अदरक- 1 छोटी टीस्पून पेस्ट, कार्नफ्लोर - 4 टेबलस्पून, टोमैटो सॉस- 2 टेबलस्पून, सोया सॉस - 1 टेबलस्पून, चिली सॉस- 1 छोटी टीस्पून, विनेगर- 1 छोटी टीस्पून, नमक- टेस्ट के अकॉर्डिंग, चीनी - 1/2 छोटी टीस्पून, गरम पानी- 2 कप, चिली फ्लेक्स-1/2 टीस्पून, हरा धनिया-1 टेबलस्पून बारीक कटी।

विधि - आलू को छील लें और छोटे टुकड़ों में काट लें। आलू को कॉर्नफ्लोर में मिक्स करके कोट करें। अब एक पैन में तेल गरम करें और उसमें कोटेड आलू डालकर गोल्डन ब्राउन होने तक फाई कर लें और साइड में रख दें। सॉस बनाने के लिए एक पैन में दो टीस्पून तेल गरम करें और उसमें अदरक का पेस्ट और हरी मिर्च डालकर भूनें। फिर इसमें सोया सॉस, चिल्ली सॉस और टोमैटो सॉस डालकर मिक्स करें। अब एक टीस्पून कॉर्नफ्लोर को दो कप गरम पानी में डालकर मिक्स करें। फिर इसे भुने मसाले में डाल दें। अब इसमें नमक और चीनी डालें और दो मिनट तक पका लें। अब इसमें फाई आलू, चिली फ्लेक्स और विनेगर डालें और मिक्स करें। फिर ऊपर से हरा धनिया डालकर गार्निश करें और सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 19 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	र्री
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झौ	ता	
व	र			र				म
लं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		वा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

सू-दोकू

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.19 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2